उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी

5, सर्वपल्ली, माल एवेन्यू रोड, लखनऊ – 226001
हेल्पलाइन नम्बर : 8400955546, 9151024463
Website:www.upsmfac.org Email-upmedicalfaculty@upsmfac.org

पत्रांक संख्या–8779/26 दिनांक 25.11.26

अनुस्मारक–पत्र
अति आवश्यक / समयबद्ध

सेवा में,

प्रधानाचार्य / निदेशक,
समस्त नर्सिंग / सहबद्ध एवं स्वास्थ्य देख–रेख प्रशिक्षण केन्द्र,
उत्तर प्रदेश।

विषय–शताब्दी कॉफी टेबल बुक के द्वितीय खण्ड हेतु संस्थान का प्रोफाइल एवं आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने के संबंध में।

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक इस कार्यालय के पत्र संख्या–8643 / 26 दिनांक 18.11.2026 (छायाप्रति संलग्न) का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके अन्तर्गत उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी की 100 वर्षो की गौरवशाली यात्रा एवं उपलब्धियों को अभिलेखित करने हेतु शताब्दी कॉफी टेबल बुक का प्रकाशन कराया जा रहा है। इसके द्वितीय खण्ड में उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी से सम्बद्ध एवं वर्तमान में संचालित संस्थानों का परिचय Institutional Directory के रूप में प्रकाशित किया जाना प्रस्तावित है।

अतः आपसे अनुरोध है कि जिन संस्थानों द्वारा अभी तक अपने संस्थान का प्रोफाइल निर्धारित प्रारूप में तैयार कराते हुए संस्थान से संबंधित अद्यतन जानकारी, शैक्षणिक गतिविधियों, संचालित पाठ्यक्रमों, उपलब्ध सुविधाओं, प्रमुख उपलब्धियों से संबंधित अभिलेख एवं तत्कालीन फोटो तथा नवीनतम फोटोग्राफ सहित समस्त सूचना निम्नलिखित Google Drive Link पर अपलोड नहीं की है, वे संस्थान दिनांक 27.11.2026 तक उक्त समस्त सूचना अपलोड करना सुनिश्चित करें।

Google Drive Link- https://forms.gle/C2tSDFFArrDogXk59

सर्वोच्य प्राथमिकता आपेक्षित है।

भवदीय,

(डा0 अनुराग श्रीवास्तव),
सचिव,
उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी।